
देहरादून,पौड़ी–गढ़वाल व अल्मोड़ा से प्रकाशित | www.page3news.in | नगर संस्करण वर्ष 16 अंक: 194 पृष्ठ : 8 मूल्य: एक रूपए




# पेज श्री

देहरादून, बृहस्पतिवार, 4 नवंबर 2021

देशवासियों को पेज श्री परिवार की ओर दीपावली की हार्दिक शुभकामनाएं। पाठकों दीपावली पर अवकाश होने से आप तक अगला अंक शनिवार को पहुंचेगा। -संपादक

मौसम अधिकतम 25.0° न्यूनतम 14.0° | 40243.39

2 अभेद्य ताकत जुटा रहा चीनी ड्रैगन | 7 बाबर आजम बने नंबर वन टी20 बल्लेबाज

# हर घर टीका, घर–घर टीका

## कोरोना महामारी से निपटने के लिए पीएम मोदी ने दिया नया मंत्र

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विदेश दौरे से लौटने के बाद आज देश में कोरोना टीकाकरण में पिछड़ने वाले जिलों के मुख्यमंत्रियों के साथ हालात की समीक्षा की। इस दौरान पीएम मोदी ने श्हर घर टीका, घर–घर टीकाश का मंत्र देते हुए कहा कि हमें अभी भी पूरी तरह से कड़ाई बरतने की जरूरत है। देश में 13 राज्यों के 48 जिले ऐसे हैं, जिनमें कोरोना टीकाकरण की पहली डोज 50 प्रतिशत तक नहीं पहुंच पाई है।

बैठक के दौरान पीएम मोदी ने कहा कि 100 साल की इस सबसे बड़ी महामारी में देश ने अनेक चुनौतियों का सामना किया है। कोरोना से देश की लड़ाई में एक खास बात ये भी रही कि हमने नए–नए समाधान खोजे। आपको भी अपने जिलों में वैक्सीनेशन बढ़ाने के लिए नए तरीकों पर और ज्यादा काम करना होगा।

**बैठक में ये जिले हुए शामिल**

बैठक में उन जिलों को शामिल किया गया था जहां 50 प्रतिशत से कम लोगों को कोरोना के टीकों की पहली डोज लगी है और दूसरी डोज भी बहुत कम लोगों को लगी है।

पीएम ने कहा कि अभी तक आप सभी ने लोगों को वैक्सीनेशन सेंटर तक पहुंचाने और वहां सुरक्षित टीकाकरण के लिए प्रबंध किए। अब हर घर टीका, घर–घर टीका, इस जज्बे के साथ आपको हर घर पहुंचना है। अपने जिलों में एक–एक गांव, एक–एक कस्बे के लिए अगर अलग–अलग रणनीति बनानी हो तो वो भी बनाइए। आप क्षेत्र के हिसाब से 20–25 लोगों की टीम बनाकर भी ऐसा कर सकते हैं।



पीएम मोदी ने कहा कि अभी कुछ दिन पहले मेरी वेटिकन में पोप फ्रांसिस जी से भी मुलाकात हुई थी। वैक्सीन पर धर्मगुरुओं के संदेश को भी हमें जनता तक पहुंचाने पर विशेष जोर देना होगा। उन्होंने कहा कि एक चुनौती अफवाह और लोगों में भ्रम की स्थिति भी है। अभी बातचीत के दौरान भी इसका जिक्र किया गया है। इसका एक बड़ा समाधान है कि लोगों को ज्यादा से ज्यादा जागरूक किया जाए। आप इसमें स्थानीय धर्मगुरुओं की भी मदद और ज्यादा ले सकते हैं।

इन जिलों में दिल्ली का उत्तर पश्चिम जिला, हरियाणा का नूह, बिहार का अररिया और छत्तीसगढ़ का नारायणपुर शामिल है। साथ ही इसमें झारखंड के नौ जिले पाकुड़, साहेबगंज, गढ़वा, देवघर, पश्चिमी सिंहभूम, गिरिडीह, लातेहार, गोड्डा और गुमला शामिल हैं।

इनके अलावा अरुणाचल प्रदेश और महाराष्ट्र के छह–छह, मणिपुर और नगालैंड के आठ–आठ, मेघालय के चार और तमिलनाडु, मिजोरम व असम के एक–एक जिले शामिल हैं।

### दूसरी डोज पर भी उतना ही ध्यान देना

पीएम ने कहा कि सबको वैक्सीन, मुफ्त वैक्सीन अभियान के तहत हम एक दिन में करीब–करीब ढाई करोड़ वैक्सीन डोज लगाकर दिखा चुके हैं। ये दिखाता है कि हमारी कैपेबिलिटी क्या है, हमारा सामर्थ्य क्या है। हर घर पर दस्तक देते समय, पहली डोज के साथ–साथ आप सभी को दूसरी डोज पर भी उतना ही ध्यान देना होगा। क्योंकि जब भी संक्रमण के केस कम होने लगते हैं, तो कई बार तात्कालिकता वाली भावना कम हो जाती है। लोगों को लगने लगता है कि, इतनी भी क्या जल्दी है, लगा लेंगे।

### कम कोरोना टीकाकरण वाले जिलों की समीक्षा बैठक की

जी–20 शिखर सम्मेलन और ग्लासगो में कोप–26 की बैठकों में भाग लेने के बाद विदेश से लौटने के तुरंत बाद प्रधानमंत्री मोदी ने टीकाकरण को लेकर बैठक की। बैठक में प्रधानमंत्री ने इन सभी जिलों में कम टीकाकरण के कारणों की समीक्षा के साथ–साथ इससे निपटने के लिए किए जा रहे उपायों पर भी चर्चा की। टीकाकरण की गति और कवरेज में तेजी लाने की आवश्यकता पर प्रकाश डालते हुए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्री मनसुख मंडाविया ने हाल ही में कहा था कि देश में 10.34 करोड़ से अधिक लोग ऐसे हैं जिन्होंने निर्धारित अंतराल की समाप्ति के बाद वैक्सीन की दूसरी खुराक नहीं ली है।

## संक्षिप्त समाचार

### बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो अभिनंदन को दिवाली गिफ्ट

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। बालाकोट एयर स्ट्राइक के हीरो अभिनंदन वर्धमान का प्रमोशन हो गया है। भारतीय वायु सेना ने जाबांज पायलट को ग्रुप कैप्टन की रैंक दी है। अब तक वह विंग कमांडर की रैंक पर थे। सूत्रों ने यह जानकारी दी। बालाकोट में भारत ने आतंकी कैंपों पर एयर स्ट्राइक की थी।

### डेंगू के बढ़ते मामलों से निपटने में केंद्र ने उठाया कदम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

नई दिल्ली। डेंगू के बढ़ते मामलों से निपटने में तकनीकी मदद उपलब्ध कराने के लिए केंद्रीय स्वास्थ्य मंत्रालय ने मंगलवार को नौ राज्यों और केंद्र शासित प्रदेशों के लिए विशेषज्ञों की केंद्रीय टीमें प्रतिनियुक्त कर दीं। स्वास्थ्य मंत्रालय ने यह कदम हरियाणा, पंजाब, केरल, राजस्थान, तमिलनाडु, उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, दिल्ली और जम्मू–कश्मीर में डेंगू के काफी संख्या में मिले मामलों के मद्देनजर उठाया है।

# खुशखबरी: कोवैक्सीन को डब्ल्यूएचओ से मिली मान्यता

## भारतीय नागरिकों को विदेश यात्रा के दौरान नहीं होना पड़ेगा अनिवार्य क्वारंटीन

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जिनेवा। विश्व स्वास्थ्य संगठन ने आखिरकार भारत बायोटेक की कोवैक्सिन को आपातकालीन इस्तेमाल के लिए मंजूरी दे दी है। कोवैक्सीन की मंजूरी को लेकर डब्लूएचओ के अड़ियल रूख पर भारत भी कई बार सवाल उठा चुका था। तब डब्लूएचओ ने दलील देते हुए कहा था कि वैक्सीन के इस्तेमाल की मंजूरी देने के फैसले के लिए उसका पूरी तरह से मूल्यांकन जरूरी होता है। ऐसे में इस प्रक्रिया में समय लग सकता है। अब डब्ल्यूएचओ के तकनीकी सलाहकार समूह ने भारत बायोटेक के कोवैक्सिन के लिए आपातकालीन उपयोग सूचीकरण की स्थिति की सिफारिश कर दी है।

**इन देशों ने पहले ही दी है कोवैक्सीन को मंजूरी**

1. मेक्सिको: यह उन देशों में शामिल है जहां ब्वअं•पद लगवा चुके भारतीयों को यात्रा करने की अनुमति है।
2. नेपाल: कोवैक्सीन की दोनों डोज ले चुके भारतीय नागरिक नेपाल जा सकते हैं। अंतिम डोज देश में जाने से 14 दिन पहले लिया गया हो।
3. ईरान: जिन भारतीय नागरिकों को कोवैक्सीन की दोनों डोज लग चुकी हैं, वे ईरान भी जा सकते हैं। ईरान ने इसकी अनुमति दी हुई है। अराइवल पर 96 घंटों के भीतर किया गया निगेटिव पीसीआर टेस्ट देखा जाता है। रिपोर्ट नहीं होने पर 14 दिन के क्वारंटीन का नियम है।
4. मॉरीशस: सरकार अपने यहां कोवैक्सीन को मान्यता देती है। वैक्सीन के दोनों डोज लगवा चुके लोगों से सर्टिफिकेट दिखाने के लिए कहा जाता है।
5. फिलीपींस: फुली वैक्सीनेटेड उन्हीं को माना जाता है जिन्हें दूसरा डोज लिए हुए 14 दिन बीत चुके होते हैं।
6. जिम्बाब्वे: इस अफ्रीकी देश ने भी भारतीय वैक्सीन को मान्यता दी हुई है।

### डब्लूएचओ की मंजूरी से क्या होगा फायदा

डब्लूएचओ से भारत बायोटेक की कोवैक्सीन को मंजूरी मिलने से सबसे ज्यादा फायदा भारतीय नागरिकों को होगा। दुनिया के लगभग सभी देशों में डब्लूएचओ से मंजूरी मिली कोविड वैक्सीन को अपने आप मान्यता मिलने का नियम है। ऐसे में कोवैक्सीन की दोनों डोज लिए नागरिकों को अब दुनिया के किसी भी देश की यात्रा करने के दौरान अनिवार्य क्वारंटीन का सामना नहीं करना पड़ेगा।

# नौशेरा के शेरों संग पीएम की दीपावली

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

जम्मू। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी दीपावली का त्योहार वीरवार को जम्मू–कश्मीर में सरहदों की सुरक्षा कर रहे सेना के जवानों के साथ मनाएंगे। प्रधानमंत्री दीपावली पर जम्मू संभाग के राजौरी जिले के नौशहरा आ रहे हैं।

उच्च पदस्थ सूत्रों के अनुसार प्रधानमंत्री दीपावली पर नियंत्रण रेखा की सुरक्षा का जिम्मा संभालने वाली नौशहरा ब्रिगेड में आएंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर क्षेत्र में सुरक्षा के प्रबंधों को कड़ा कर दिया गया है। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर राजौरी में नियंत्रण रेखा की सुरक्षा संभालने के साथ देशविरोधी तत्वों के मंसूबों को नाकाम बना रहे सेना के जवानों का हौसला सातवें आसमान पर है।

इस समय जम्मू कश्मीर में स्थायी शांति कायम करने के लिए सेना की ओर से बड़े पैमाने पर मुहिम चलाई जा रही है। राजौरी से सटे पुंछ जिले के बाटाधुलियां जंगलों में 11 अक्टूबर को आतंकवादियों के खिलाफ सेना ने बड़े पैमाने पर अभियान छेड़ दिया था। इस दौरान आतंकवादियों से हुई मुठभेड़ों में सेना के 9 जवान शहीद हो चुके हैं। सैनिक बुलंद हौसले के साथ क्षेत्र को आतंकवाद मुक्त बनाने के लिए जान हथेली पर लेकर लड़ रहे हैं। पिछले 4 महीने में 14 सैनिकों ने शहादत दी है। इन हालात में प्रधानमंत्री जवानों का मनोबल बढ़ाने के लिए अहम होगा। पीएम के दौरे के दौरान सेना के उत्तरी कमान के सभी वरिष्ठ सैन्य अधिकारी भी नौशहरा में मौजूद रहेंगे। सूत्रों के अनुसार दौरे को सुरक्षित बनाने को कई वरिष्ठ अधिकारियों ने नौशहरा में डेरा डाल लिया है। अलबत्ता पीएम के दौरे की सेना ने अभी तक अधिकारिक तौर पर पुष्टि नही की है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तीन सालों में दूसरी बार दीपावली के त्योहार मनाने के लिए राजौरी आ रहे हैं।

### हौसला

■सेना के जवानों का हौसला सातवें आसमान पर

Are you Planning to make a Website or already have ?
If yes, then we are here to serve you

What we do

Website Development
All type of Websites E-Commerce, Hotel Booking, Travel, Bus Ticket Booking, News Portal, Blogs, or as per client requirement.

Promotion & Branding
1. Website Promotion & Branding in any country (200+ Countries)
2. Social Media
3. Bulk SMS

Search Engine Optimisation
A-2-Z Work to make a Website Search Engine Friendly.
You tell us, we do it.

Contact:
Gadoli Media Ventures
Shivam Market, 2nd Floor, Darshan Lal Chowk, Dehra Dun. I Mob: 9319700701, 7579011930
E-Mail: contact@gadoli.in

# गोली चालाने वाले ले रहे राम का नाम

एजेंसी (वेब वार्ता न्यूज)

लखनऊ। भगवान श्रीराम की नगरी अयोध्या में पांचवें दीपोत्सव 2021 पर फिर त्रेतायुग जीवंत हो उठा। ज्यों ही हेलीकाप्टर से राम कथा पार्क में भगवान श्री राम, मां सीता और भाई लक्ष्मण उतरे तो खुद मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ व केंद्रीय पर्यटन मंत्री जी किशन रेड्डी ने अपने कैबिनेट के सहयोगियों के साथ भगवान के स्वरूप की अगवानी की। हेलीकॉप्टर से तीन राउंड पुष्पवर्षा हुई तो जय जय श्रीराम के नारों से अयोध्या गुंजायमान हो उठी। उत्तर प्रदेश की योगी आदित्यनाथ सरकार ने दीपोत्सव पर अयोध्या नगरी में 12 लाख दीये जलाए। सीएम योगी आदित्यनाथ ने कहा कि जो लोग 31 साल पहले रामभक्तों पर गोलियां चला रहे थे, वो आपकी ताकत और लोकतंत्र की ताकत के आगे झुके हैं। पीएम अन्न योजना का विस्तार करते हुए सीएम योगी ने होली तक योजना चलाने की बात कही। अब प्रदेश सर्कात इस योजना को होली तक ले जाएगी। 35 किलो राशन दिसंबर जनवरी फरवरी व मार्च फ्री में देंगे। साथ ही गेंहू चावल, दाल, तेल व नमक भी देंगे।

### सीएम योगी ने प्रभु राम का किया राज तिलक